मुझे मेरी मैया ने बहुत कुछ दिया है,
तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है ।।

तर्ज तुम्ही मेरे मंदिर ।

मुझे है सहारा तेरी बंदगी का,
यही है गुजारा मेरी जिंदगी का,
उसे क्या कमी जो तेरा हो गया है,
उसे क्या कमी जो तेरा हो गया है,
तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है ।।

मिला मुझको सबकुछ,
बदौलत तुम्हारी,
मेरा कुछ नहीं,
सब दौलत तुम्हारी,
ये बंदा तो तेरे दर से जिया है,
ये बंदा तो तेरे दर से जिया है,
तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है ।।

तेरा शुक्रिया तूने दर पे बुलाया,
सोया नसीबा ये तुमने जगाया,
ज़माने का हर सुख मुझको मिला है,
ज़माने का हर सुख मुझको मिला है,

तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है ।।

किया कुछ नहीं अब तो,
शर्मशार हूँ मैं,
तेरी रहमतो का कर्जदार हूँ मैं,
दिया कुछ नहीं बस लिया ही लिया है,
दिया कुछ नहीं बस लिया ही लिया है,
तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है ।।

मुझे मेरी मैया ने बहुत कुछ दिया है,
तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया माँ बड़ा शुक्रिया है ।।

Source:
https://www.bharattemples.com/mujhe-meri-maiya-ne-bahut-kuch-diya-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw